# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

## जिला–राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)

क्रमांक/एन.एच.एम./संविदा भर्ती/2026–27/414 राजनांदगांव दिनांक 14-05-2026

## ।। संविदा भर्ती विज्ञापन ।।

छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर के पत्र क्रमांक RULE/24/2026-GAD-3 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 09.02.2026 एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला राजनांदगांव, मोहला–मानपुर–अ. चौकी, खैरागढ़–छुईखदान–गण्डई अंतर्गत आर.ओ.पी. 2025–26 में दिये गये मानव संसाधन के स्वीकृत पद की संविदा भर्ती हेतु इच्छुक योग्यताधारी उम्मीदवारों का ऑनलाईन आवेदन दिनांक **15/05/2026 से 29/05/2026** तक सायं 05.00 बजे तक वेबसाइट https://govthealth.cg.gov.in/RecRajnandgaonCont2026 के माध्यम से आमंत्रित है।

**जिला स्तर पर रिक्त पदों का विवरण :–**

| क्र | पदनाम | एकमुश्त वेतन | कुल रिक्त पद | अनारक्षित | | | | अ.जा. | | | | अ.ज.जा. | | | | अ.पि.वर्ग | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | मुक्त | महिला | दिव्यांग | भू.पू. सैनिक | मुक्त | महिला | दिव्यांग | भू.पू. सैनिक | मुक्त | महिला | दिव्यांग | भू.पू. सैनिक | मुक्त | महिला | दिव्यांग | भू.पू. सैनिक |
| 1 | Nursing officer/ Staff Nurse | **Nursing Officer- 16500 Staff Nurse- 16000** | 143 | 36 | 21 | 6 | 7 | 8 | 4 | 1 | 1 | 23 | 11 | 2 | 3 | 11 | 6 | 1 | 2 |
| 2 | ANM | 12000 | 32 | 0 | 13 | 2 | 1 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 9 | 0 | 0 | 0 | 4 | 0 | 0 |
| 3 | District Account Assistant | 18000 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | City Accountant | 16000 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | Block Manager – Account | 21000 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | Secretarial Assistant/Jr. Sec. Assistant | **Secretarial Asst- 13650 Jr. Sr. Assistant- 12000** | 22 | 6 | 3 | 1 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 5 | 1 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | Counselor-NHM | 12000 | 7 | 3 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | Radiographer | 15000 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | MO – AYUSH (F-5,M-4) | 25000 | 9 | 2 (M) | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 (M) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 10 | RMA | 22000 | 7 | 3 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | Pharmacists | 16500 | 5 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | OT Technician | 14000 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | Dental Assistant | 14000 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 14 | Feeding Demonstrator | 12000 | 5 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | Physiotherapist | 18000 | 6 | 3 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 16 | Audiologist | 25000 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 17 | Community Health Officer | 16500 | 55 | 14 | 8 | 3 | 2 | 4 | 1 | 0 | 0 | 10 | 4 | 0 | 1 | 6 | 2 | 0 | 0 |
| 18 | Social Worker (NMHP) | 22000 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | MPW (Male) – UHWC | 14000 | 7 | 3 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | Senior Treatment Supervisor (STS) | 17500 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 21 | Attendant (HA/SA) | 8800 | 9 | 3 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 22 | Class - IV /Aya Bai/Cook cum care taker | 8800 | 13 | 5 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 3 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| **TOTAL** | | | 332 | 91 | 49 | 12 | 11 | 23 | 8 | 1 | 1 | 58 | 27 | 2 | 4 | 29 | 13 | 1 | 2 |

टीपः— 1. स्टाफ नर्स / नर्सिंग ऑफिसर / सी.एच.ओ. के दिव्यांग का पद — **OL** के लिये आरक्षित है। **(OL-One Leg)**
**2.** ए.एन.एम. के दिव्यांग का पद — **OL/OA** के लिये आरक्षित है। **(OL-One Leg, OA- One Arm)**
**3.** सेकेट्रियल असिस्टेंट. के दिव्यांग का पद — **OL/OA/ BL** के लिये आरक्षित है। **(OL-One Leg, OA- One Arm, BL- Both leg)**

## भाग—अ

| SN | Post Name | Essential Qualification | Remark |
|---|---|---|---|
| 1 | Nursing officer/ Staff Nurse | (1) बी.एस.सी. नर्सिंग / पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग के साथ छ.ग. नर्सिंग काउंसिल में जीवित पंजीयन। **अथवा** (2)जी.एन.एम. कोर्स पास के साथ छ.ग. नर्सिंग काउंसिल में जीवित पंजीयन | मिशन संचालक, रा.स्वा.मि. के पत्र क्र / एनएचएम / 2014 / NS–1060 / 1757 दिनांक 12.12.2014 |
| 2 | 2nd ANM/ ANM | 12th passed, ANM Passed & INC affilited Training Center & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Counslling. | मिशन संचालक, रा.स्वा.मि. के पत्र क्र / एनएचएम / 2014 / NS–1060 / 1757 दिनांक 12.12.2014 |
| 3 | District Account Assistant-NHM | 1. B.Com (minimum 55%) + 1 Year Computer Diploma(PGDCA) 2.Knowledge of Tally is compulsory. | मिशन संचालक, रा.स्वा.मि. के पत्र क्र / एनएचएम / 2014 / NS–1060 / 1757 दिनांक 12.12.2014 |
| 4 | City Accountant-NUHM | M.Com (Regular) Passed with 50 %) and knowledge of Tally 9.0 is compulsory **OR** B.Com (Regular) Passed woth 50% minimum) and Knowledge of Tally 9.0 is compulsory. | मिशन संचालक, रा.स्वा.मि. के पत्र क्र / एनएचएम / 2016 / 1458 / 1716 दिनांक 07.11.2016 |
| 5 | Block Manager – Account | 1. B.Com (minimum 55%) + 1 Year Computer Diploma(PGDCA) Knowlegded Tally | मिशन संचालक, रा.स्वा.मि. के पत्र क्र / एनएचएम / 2014 / NS–1060 / 1757 दिनांक 12.12.2014 |
| 6 | Secretarial Assistant/Jr. Secretarial Assistant | मान्यता प्राप्त संस्थान से 12वीं उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त संस्थान से 01 वर्षीय डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन। | मिशन संचालक, रा.स्वा.मि. के पत्र क्र / एनएचएम / 2014 / NS–1060 / 1757 दिनांक 12.12.2014 |
| 7 | Counselor | PG Degree/Diploma in phychology / counselling /Health Education/Mass Communication/Social Science | मिशन संचालक, रा.स्वा.मि. के पत्र क्र / एनएचएम / 2016 / 1458 / 1757 दिनांक 12.12.2014 |
| 8 | Radiographer | 1. 10+2 पद्धति में विज्ञान विषय के साथ कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण होना चाहिए। 2. क्ष—किरण तकनीशियन / रेडियोग्राफर का छ0ग0 शासन से मान्यता प्राप्त पैरामेडिकल पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होना चाहिये। 3. छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल कौंसिल से रेडियोग्राफर / क्ष—किरण तकनीशियन का जीवित पंजीयन होना चाहिये। | मिशन संचालक, रा.स्वा.मि. के पत्र क्र / एनएचएम / एच.आर. / 2024 / 1648 / 2871 दिनांक 12.12.2024 |
| 9 | MO - AYUSH | BHMS/BAMS/BUMS Degree Registration From any GOI recognized (bams/bhms/bums) Ayush, Homeo, Unani Registration board. | मिशन संचालक, रा.स्वा.मि. के पत्र क्र / एनएचएम / 2014 / NS–947 / 2095 दिनांक 27.1.2015 |
| 10 | RMA | Practitioner In Modern And Holistic Medicine (PMHM) पाठ्यक्रम उत्तीर्ण तथा छत्तीसगढ़ चिकित्सा मण्डल द्वारा पंजीकृत होना अनिवार्य है। | मिशन संचालक, रा.स्वा.मि. के पत्र / एनएचएम / NHM/HR/2024/1053/ 2876 दिनांक 12.12.2024 |
| 11 | Pharmacists | 01. बी.फार्मा उत्तीर्ण **अथवा** 02. डी.फार्मा उत्तीर्ण एवं छ.ग. फार्मेसी काउंसिल में जीवित पंजीयन | मिशन संचालक, रा.स्वा.मि. के पत्र क्र / एनएचएम / 2014 / NS–1060 / 1757 दिनांक 12.12.2014 |
| 12 | OT Technician | 01. जीव विज्ञान, रसायन एवं भौतिक विषय में 12 उत्तीर्ण 02. . ओ.टी. टेक्नीशियन पैरामेडिकल कोर्स एवं छ.ग. पैरामेडिकल काउंसिल में जीवित पंजीयन | मिशन संचालक, रा.स्वा.मि. के पत्र क्र / एनएचएम / एचआर / 2019 / 462 / 541 दिनांक 01.06.2019 |

| SN | Post Name | Essential Qualification | Remark |
|---|---|---|---|
| 13 | Dental Assistant | 1. Matriculation from a recognized institution<br>Experience:- Two years experience in dental college/clinic. only govt. health facility experience should be considered<br>- preference can be given to candidates done 1 year course of lab technicain (dental work related/Hygenist or dental technician form medical college. | संचालक, स्वास्थ्य सेवायें. का पत्र क्र / 39 / 2019 / 07 / 027 / 219 दिनांक 16.10.2019 |
| 14 | Feeding Demonstrator | BSC Home Science | मिशन संचालक, रा.स्वा.मि. के पत्र क्र / एनएचएम / एच.आर. / 2024 / 1648 / 2871 दिनांक 12.12. 2024 |
| 15 | Physiotherapist | Bachelor's degree in physiotherapy (B.P.T) | मिशन संचालक, रा.स्वा.मि. के पत्र क्र / एनएचएम / 2016 / 1458 / 1716 दिनांक 07.11.2016 |
| 16 | Audiologist | Bachelor of Audiology & Speech Language Pathology (BASLP)/B.S.C. (Speech and Hearing) from RCI recognized institute | मिशन संचालक, रा.स्वा.मि. के पत्र क्र / एनएचएम / 2016 / 1489 / 2081 दिनांक 22.12.2016 |
| 17 | Community Health Officer | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्यूनिटी हेल्थ सम्मिलित बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम (B.Sc. Nursing Certificate in Community Health Integrated Course) उत्तीर्ण के साथ छ.ग. नर्सिंग काउंसिल में जीवित पंजीयन।<br>अथवा<br>मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्यूनिटी हेल्थ सम्मिलित पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम (Post Basic B.Sc. Nursing Certificate in Community Health Integrated Course)उत्तीर्ण के साथ छ.ग. नर्सिंग काउंसिल में जीवित पंजीयन | मिशन संचालक, रा.स्वा.मि. के पत्र क्र / एनएचएम / एच.आर. / 2023 / 48 / 238 दिनांक 27.04.23 |
| 18 | Social Worker | एम फिल साईकेट्रिक सोशल वर्क को प्राथमिकता दिया जावेगा यदि उक्त योग्यता न होने की दशा में मास्टर ऑफ सोशल वर्कर रेगुलर को प्राथमिकता दिया जावेगा। | संचालक, स्वास्थ्य सेवायें का पत्र कमांक / डीएचएस / एनएमएचपी / 2021 / 349, दिनांक 16 / 06 / 21 |
| 19 | MPW (Male) – UHWC | 1. 10+2 शिक्षा पद्धति में 12वीं परीक्षा जीव विज्ञान विषय से उत्तीर्ण होना चाहिए एवं<br>2. बहुउद्देशीय पुरुष कार्यकर्ता का 01 वर्ष का विहित प्रशिक्षण अथवा समकक्ष प्रशिक्षण जिसे शासन द्वारा मान्यता दी गई हो उत्तीर्ण होना चाहिए। एवं<br>3. छ.ग. पैरामेडिकल कौंसिल के अधीन जीवित पंजीयन होना चाहिए। | मिशन संचालक, रा.स्वा.मि. के पत्र क्र / एनएचएम / एच.आर. / 2022 / एन.एस.–1637 / 3703 दिनांक 24.02. 2022 |
| 20 | Senior Treatment Supervisor (STS) | 1.Bachelor's Degree OR Recognized sanitary inspectors course.<br>2.Certificate course in commputer operation (minimum 2 months.)<br>3.Permanent two wheeler driving license & should be able to drive two wheeler. | मिशन संचालक, रा.स्वा.मि. के पत्र क्र / एनएचएम / 2016 / NS–339 / 635 दिनांक 14.06.2016 |
| 21 | Attendant (HA/SA) | 12th Pass | मिशन संचालक, रा.स्वा.मि. के पत्र क्र / एनएचएम / 2014 / NS–1060 / 1757 दिनांक 12.12.2014 |
| 22 | Class - IV /Aya Bai/Cook cum care taker | आठवीं कक्षा उत्तीर्ण। | मिशन संचालक, रा.स्वा.मि. के पत्र क्र / एनएचएम / एच.आर. / 2024 / 1648 / 2871 दिनांक 12.12. 2024 |

# विज्ञापन नियम एवं शर्ते

आवेदन संबंधी दिशा निर्देश :–

1. दिनांक **15/05/2026 से 29/05/2026** तक सांय 05:00 बजे तक वेबसाईट https://govthealth.cg.gov.in/RecRajnandgaonCont2026 के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया जाता है।
2. **सभी पद पूर्णतः संविदा है, जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छ.ग. द्वारा जारी मानव संसाधन नीति 2018 के अधीन है, तथा संविदा भर्ती के संबंध में आरक्षण ("सभी नियुक्तियां एवं चयन प्रकिया माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी.) कमांक/19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्ययीन होगी ")**
3. **आवेदन**– आवेदन ऑनलाईन के माध्यम से लिया जावेगा एवं आवेदन करने के पूर्व विज्ञापन में दिये गये दिशा–निर्देशों का अच्छी तरह से अध्ययन करें।
4. अभ्यर्थी अपने मोबाईल नंबर के माध्यम से ऑनलाईन पंजीयन करेंगे। ततपश्चात् पंजीयन नंबर एवं पासवर्ड अभ्यर्थी के मोबाईल नंबर पर प्राप्त होगा, पंजीयन नंबर एवं पासवर्ड का उपयोग कर लॉगिन करेंगे एवं अपना आवेदन प्रविष्ट करेंगे।
5. आवेदक द्वारा विज्ञापन मे दिये गये QR CODE को SCAN कर आवेदन शुल्क का भुगतान कर प्राप्त Transaction id Number को ऑनलाईन आवेदन मे प्रविष्ट करना अनिवार्य होगा।
6. ऑनलाईन आवेदन पूर्ण रूप से प्रविष्ट करने के पश्चात् जमा (Submit) करेंगे तथा भरे हुये आवेदन का प्रिंट निकालकर स्व–हस्ताक्षरित आवेदन अपलोड करना अनिवार्य है अन्यथा आवेदन को मान्य नही किया जावेगा।
7. स्व–हस्ताक्षरित आवेदन अपलोड करने के पश्चात् आवेदकों को पावती प्रिंट करके सुरक्षित रखें, जिसे दस्तावेज सत्यापन में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
8. उम्मीद्वारों को ऑनलाइन आवेदन के समय समस्त अनिवार्य दस्तावेज(शैक्षणिक योग्यता, जाति, निवास पंजीयन, दिव्यांगता पंजीयन,अन्य अर्हता पंजीयन (कांउसिल पंजीयन) के अनुसार विवरण प्रविष्ट किया जाना अनिवार्य होगा। ऑनलाईन आवेदन के समय केवल सत्यापित अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा। शेष प्रमाण पत्र ऑनलाईन अपलोड नहीं करना होगा,किन्तु उक्त प्रमाण पत्रो के आधार पर ही ऑनलाईन आवेदन मे जानकारी प्रविष्ट करना अनिवार्य होगा जिसका सत्यापन कौशल परीक्षा से पूर्व दस्तावेज परीक्षण में आवेदकों के समस्त दस्तावेजों का सूक्ष्म परीक्षण किया जावेगा।
9. दस्तावेजों परीक्षण/सत्यापन के समय ऑनलाइन भरे हुए आवेदन एवं प्रस्तुत किये गये संबंधित दस्तावेज के विवरण मे असमानता पाये जाने पर अथवा किसी भी प्रकार की त्रुटि पाये जाने की अवस्था में वैधानिक कार्यवाही की जावेगी अथवा अभ्यर्थी का आवेदन निरस्त किया जा सकता है, जिसके लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होंगे।
10. शैक्षणिक योग्यता जिस संस्था से प्राप्त है, उस संस्था का यू.जी.सी., ए.आई.सी.टी.ई. एवं संबंधित काउंसिल से पंजीयन/मान्यता, विज्ञापन जारी होने के दिनांक के पूर्व का होना अनिवार्य होगा।
11. विज्ञापित पदों हेतु निर्धारित समस्त शैक्षिणक योग्यता,कार्य अनुभव तथा समस्त पंजीयन विज्ञापन जारी दिनांक के पूर्व का होना अनिवार्य है।
12. **जिन पदों की शैक्षणिक योग्यता या अंकसूची में ग्रेड अंकित है, ऐसे अभ्यर्थियों को अपने शिक्षण संस्था प्रमुख/प्राचार्य के द्वारा प्राप्तांक एवं पूर्णांक की गणना अंकों (प्रतिशत सहित)में कराकर ऑनलाईन आवेदन में अंकित किया जाना अनिवार्य होगा तथा दस्तावेज परीक्षण के समय उक्त प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा आवेदन अमान्य कर अपात्र किया जावेगा।**
13. **आवेदन शुल्क** :– आवेदन शुल्क का विवरण निम्नानुसार है–

| वर्ग | आवदेन शुल्क | कोड |
|---|---|---|
| दिव्यांग | नि:शुल्क | UPI ID: 9340138300@idfcbank |
| अजा./अ.जा.जा. | 50 रू | |
| अनारक्षित/अ.पि.व. | 100 रू | |

आवेदक द्वारा **QR** कोड **Scan** कर आवेदन शुल्क का भुगतान किया जाना होगा।

नोट– दिव्यांग अभ्यर्थियों के द्वारा आनलाईन आवेदन फार्म में दिव्यांगता का उल्लेख नही किये जाने की स्थिति में, यथा निर्धारित शुल्क का भुगतान किया जाना होगा। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के द्वारा अनारक्षित वर्ग में आवेदन किये जाने पर नियमानुसार शुल्क का भुगतान किया जाना होगा।

14. **आयु सीमा**–संविदा भर्ती के लिये न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 70 वर्ष चिकित्सकीय पद हेतु तथा 64 वर्ष प्रबंधकीय पद हेतु होगी। आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2026 को आधार मानकर की जायेगी।

15. **भर्ती प्रक्रिया :–**

A. प्राप्त आवेदन पत्रों एवं संलग्न दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत दावा–आपत्ति हेतु पात्र–अपात्र अभ्यार्थियों की सूची, सूचना एवं अन्य निर्देशों का प्रकाशन जिले के वेबसाईट https://rajnandgaon.nic.in/ में पृथक से किया जायेगा। समयानुसार इसके अवलोकन की जिम्मेदारी अभ्यर्थियों की होगी। इसके अलावा अन्य किसी भी माध्यम से कोई भी सूचना अभ्यर्थी को नहीं दी जावेगी।

B. दावा आपत्ति में किसी भी प्रकार का नवीन दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जायेगा। मूल आवेदन मे दिये गये विवरण के आधार पर दावा आपत्ति निराकरण की कार्यवाही की जावेगी एवं दावा आपत्ति में केवल लिपिकीय त्रुटि का ही सुधार किया जायेगा। सत्यापन के समय किसी भी मूल दस्तावेज के अभाव में परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जावेगी।

C. दावा–आपत्ति हेतु अभ्यर्थियों को ऑनलाईन पोर्टल में लॉग–इन कर चयन समिति द्वारा जारी किये गये निर्धारित प्रारूप मे ही दावा–आपत्ति कर निर्धारित तिथि तक आवेदन करना अनिवार्य होगा।

D. उक्त भर्ती प्रक्रिया में आवेदकों की योग्यता के आधार पर पात्र/अपात्र करने का अधिकार कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला स्तरीय चयन समिति का होगा।

16. निर्धारित समय सीमा में प्राप्त पात्र आवेदनों में से रिक्तियों के आधार पर निम्न तालिका में दिये अनुसार अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन/लिखित परीक्षा/कम्प्युटर बेस्ड टेस्ट/क्लीनिकल स्किल बेस्ड टेस्ट चयन हेतु बुलाया जावेगा।

<u>तालिका</u>

| क्रमांक | कुल विज्ञापित पदों की संख्या | लिखित/कौशल परीक्षा लिये जाने हेतु अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 1 से 10 होने पर | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना |
| 2 | 11 से 50 होने पर | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 05 गुना |
| 3 | 50 से अधिक होने पर | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 03 गुना |

17. अभ्यर्थियों को लिखित तथा कौशल परीक्षा हेतु निर्धारित अंको (20 अंक) का 30 प्रतिशत अंक अर्जित करना अनिवार्य होगा। परीक्षा में न्यूनतम अंक (6 अंक) प्राप्त नही किये जाने की स्थिति में अभ्यर्थी नियुक्ति हेतु अपात्र रहेंगे।

18. परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/कम्प्युटर बेस्ड टेस्ट/क्लीनिकल स्किल बेस्ड टेस्ट के समय आवेदन में उल्लेख किये गये विवरण अनुसार संबंधित समस्त मूल दस्तावेज के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। सत्यापन के समय किसी भी मूल दस्तावेज के अभाव में परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नही दी जावेगी।

19. जिन विज्ञापित पदों में नर्सिंग/पैरामेडिकल कॉन्सिल में जीवित पंजीयन मांगा गया है, उन पदों हेतु जीवित पंजीयन विज्ञापन जारी होने के दिनांक के पूर्व का अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों द्वारा जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किये जाने की स्थिति में अपात्र किये जावेंगे।

20. **लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा के समय निम्न दस्तावेजों की मूल प्रति एंव एक स्वप्रमाणित प्रतिलिपि के साथ अभ्यर्थियों को उपस्थित होना अनिवार्य होगा :–**

- 10 अंकसूची/जन्म प्रमाण पत्र
- स्नातक/स्नातकोत्तर/अन्य निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के समस्त वर्षों की अंकसूची
- संबंधित डिग्री
- छ.ग. काउंसिल का पंजीयन प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)
- छत्तीसगढ़ के निवासियों हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण–पत्र

- सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो तो)
- पहचान पत्र (आधार कार्ड/वोटर आई.डी./पेन कार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस आदि जिसमें अभ्यर्थी का नाम, पता एवं फोटो हो)
- अनुभव प्रमाण पत्र
- अनापत्ति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)
- अन्य संबंधित दस्तावेज (यदि लागू हो तो)
- यदि दिव्यांग है तो दिव्यांगता प्रमाण पत्र/पहचान पत्र (यू.डी.आई.डी.) मेडिकल बोर्ड से 40 प्रतिशत से अधिक का जीवित दिव्यांगता प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

21. अनुभव प्रमाण पत्र –

A. **जिन पदो में अनुभव मांगा गया है, अनुभव प्रमाण पत्र केवल, जिले के विभाग प्रमुख (शासकीय संस्थान) द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र एवं सार्वजनिक संस्थानों तथा शासकीय वित्तीय सहायता प्राप्त संस्थानों (यथा SHRC) या उपकम का ही मान्य होगा।** अनुभव प्रमाण पत्र में अनुभव की अवधि का स्पष्ट उल्लेख नहीं होने तथा कार्यालयीन जावक क्रमांक नहीं होने पर अनुभव प्रमाण पत्र अमान्य किया जावेगा तथा शैक्षणिक योग्यता पूर्ण करने के उपरांत प्राप्त अनुभव के आधार पर अनुभव के अंक मान्य की जायेगी। अनुभव में अंकों की गणना एवं एक संस्था में एक पद पर 12 माह पूर्ण होने पर ही एक वर्ष का अंक दिया जावेगा। 12 माह से कम अनुभव होने पर अंकों की गणना नहीं की जावेगी।

B. अनुभव विज्ञापित/आवेदित पद अनुसार संबंधित क्षेत्र/समान कार्य प्रकृति के होने पर ही मान्य किया जावेगा, जिसके संबंध में किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में सर्वाधिकार चयन समिति के पास सुरक्षित होगा।

C. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. के पत्र कमांक/एन.एच.एम/2018/591/922 रायपुर दिनांक 30.06.2018 के परिपालन में नर्सिंग अथवा ए.एन.एम प्रशिक्षित मितानिन एवं मितानिन प्रशिक्षक के रूप में (प्रतिवर्ष 04 अंक) अनुभव हेतु अंक दिया जावेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. के संविदा ए.एन.एम. पदो के लिए उपरोक्त प्रावधान 31 दिसम्बर 2017 तक ए.एन.एम. पाठयक्रम में उत्तीर्ण हो चुकी मितानिनों के लिए ही लागू होगा। राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा। शासन के निर्देशानुसार मितानिनों का अनुभव राज्य स्तर से होने पर अधिकतम 20 अंक दिये जाने का प्रावधान है।

D. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विज्ञापित ऐसे समस्त पद जिसमें अनुभव चाहा गया है अनुभव शासकीय/अर्द्धशासकीय एवं वित्तीय सहायता प्राप्त संस्थानों में कार्य करने का प्रतिवर्ष 02 अंको के मान से अधिकतम 10 अंक देय होगा। एन.एच.एम. में कार्यरत अभ्यर्थियों को पद से संबधित कार्य अनुभव हेतु प्रतिवर्ष के मान से 03 अंक अधिकतम 15 अंक दिया जावेगा।

**E.** अवर सचिव छ0ग0 शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के आदेश क्र. एफ 1–67/2021/सत्रह–1 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 07.12.2021 के आदेशानुसार कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छ0ग0 राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त एवं 06 माह तक सेवा देने वाले अस्थायी स्वास्थ्य कर्मियों को विभाग के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदों पर चयन हेतु 10 बोनस अंको का लाभ दिया जाना है ।एनएचएम/नान एनएचएम/एस.डी.आर.एफ.(कोविड–19) डीएमएफ (कोविड–19) इत्यादि में से प्राप्त अधिकतम अनुभव अंक को ही लिया जावेगा। किसी दशा में 15 से अधिकतम अंक प्रदाय नहीं किया जावेगा

**F.** शासकीय /अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत अभ्यर्थियों को नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। अनुभव अंक हेतु नियोक्ता द्वारा जारी हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र को ही मान्य किया जायेगा। अनुभव प्रमाण पत्र में किसी भी प्रकार का ओवरराइटिंग/त्रुटिपूर्ण होने की स्थिति में अमान्य क़र दिया जायेगा।

22. **अंतिम चयन सूची :–**

**पद कमांक 1,3,4,5,6,7,8,9,10,11,12,13,14,15,16,17,18,19,20 के लिए अंको का निर्धारण :–**

- शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का 65 प्रतिशत अंक।
- कौशल / लिखित परीक्षा 20 अंक।
- अनुभव का अंक 10 / 15
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्य करने वाले आवेदक को अधिकतम 15 अंक (प्रत्येक वर्ष हेतु 03 अंक, अधिकतम 05 वर्ष) तथा अन्य आवेदकों को अधिकतम 10 अंक (प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक, अधिकतम 05 वर्ष) दिया जावेगा।
- कम्प्युटर से संबंधित कार्य के लिए कम्प्युटर में कौशल परीक्षा ली जावेगी।

(अ) कम्प्यूटर / कौशल परीक्षा / लिखित परीक्षा हेतु = (शैक्षणिक योग्यता+अनुभव का अंक)

(ब) अंतिम चयन सूची = (शैक्षणिक योग्यता+अनुभव का अंक+कौशल परीक्षा / लिखित परीक्षा के अंक)

**पद कमांक. 02 के लिए अंको का निर्धारण :–**

- शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का 60 प्रतिशत अंक।
- कौशल / लिखित परीक्षा 20 अंक।
- अनुभव का अंक 10 / 15 / 20

1. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्य करने वाले आवेदक को अधिकतम 15 अंक (प्रत्येक वर्ष हेतु 03 अंक, अधिकतम 05 वर्ष),
2. ए.एन.एम. पद हेतु प्रशिक्षित मितानिन आवेदकों को अधिकतम 20 अंक, (प्रत्येक वर्ष हेतु 04 अंक, अधिकतम 05 वर्ष)
3. अन्य आवेदकों को अधिकतम 10 अंक (प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक, अधिकतम 05 वर्ष) दिया जावेगा।

(अ) कौशल परीक्षा / लिखित परीक्षा हेतु = (शैंक्षणिक योग्यता+अनुभव का अंक)

(ब) अंतिम चयन सूची = (शैक्षणिक योग्यता+अनुभव का अंक+कौशल परीक्षा / लिखित परीक्षा के अंक)

**पद कमांक 21 एवं 22 के लिए अंको का निर्धारण :–**

- शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का 85 प्रतिशत अंक।
- अनुभव का अंक 10 / 15

1. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्य करने वाले आवेदक को अधिकतम 15 अंक (प्रत्येक वर्ष हेतु 03 अंक, अधिकतम 05 वर्ष),
2. अन्य आवेदकों को अधिकतम 10 अंक (प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक, अधिकतम 05 वर्ष) दिया जावेगा।

## भाग – स
## भर्ती के संबंध में सामान्य शर्तें एवं दिशा निर्देश

23. सभी पद पूर्णतः संविदा आधारित है जिनकी भर्ती राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. द्वारा जारी मानव संसाधन नीति 2018 अनुरूप की जावेगी।

24. **संविदा मानदेय :–** संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय व अन्य राशि प्रावधानित आर.ओ.पी. (NHM) अनुसार देय होगी, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता / सुविधा देय नहीं होगा।

25. उपरोक्त संविदा अवधि 31 मार्च 2027 तक के लिये होगी, कार्य मूल्यांकन संतोषजनक होने की स्थिति में उक्त अवधि में वृद्धि की जा सकती है। नियमित भर्ती किये जाने पर संविदा पद स्वतः निरस्त हो जायेंगे।
26. चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात् किसी भी समय नोटिस देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार उक्त अभ्यर्थी को त्याग पत्र देने के पूर्व एक माह पहले सूचना देनी होगी या एक माह का वेतन जमा करना होगा।
27. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों की जन्म तिथि को आधार मानकर वरीयता तय की जावेगी। जिन अभ्यर्थीयों की जन्म तिथि पहले होगी (उम्र में बड़े होगे) प्राथमिकता प्रदान की जावेगी।उम्र की गणना 01 जनवरी 2026 के आधार पर की जावेगी।
28. विशेष आरक्षण अर्हता रखने वाले (दिव्यांग/भूतपूर्व सैनिक/महिला आरक्षण नियमानुसार होगी) अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने होंगे। अन्यथा ऐसे अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन में प्रमाण पत्र प्रस्तुत नही करने की स्थिति में सामान्य श्रेणी में सम्मिलित किया जावेगा।
29. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
30. उक्त संविदा पद अस्थानांतरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने के स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जायेगी।
31. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी का Performance Appraisal नियंत्रण अधिकारी द्वारा किया जावेगा।
32. विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जावेंगे।
33. आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। अंतिम रूप से नियुक्त रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रक्रिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगा।
34. **प्रतीक्षा सूची :–** उक्त पद के लिये प्रवर्गवार प्रतीक्षा सूची भी जारी की जावेगी जिसकी वैधता जारी दिनांक से एक वर्ष तक अथवा नवीन भर्ती प्रक्रिया संपन्न होने, जो भी पहले हो तक रहेगी। इस समयावधि में स्वीकृत नए पद/त्यागपत्र अथवा किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदों को भी इसी प्रतीक्षा सूची में भरा जा सकेगा। **प्रतीक्षा सूची हेतु कुल स्वीकृत पद के 400 प्रतिशत अभ्यर्थियों को प्रतीक्षा सूची में रखा जायेगा, ताकि भविष्य में रिक्त होने वाले पद तत्काल भरे जा सके।**
35. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है, तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा। तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।
36. आवेदकों को छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है। निवास प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
37. अभ्यर्थी को साक्षात्कार/कौशल परीक्षा में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/व्यय देय नही होगा।
38. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत अभ्यर्थियों को नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र दस्तावेज सत्यापन के समय प्रस्तुत करना होगा।
39. चयन उपरान्त सभी चयनित उम्मीदवारों को बॉण्ड भरना होगा कि वे अन्य जगहो पर आवेदन करने के लिए संबंधित अधिकारी से अनापति प्रमाण पत्र (NOC) लेंगे।
40. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिला कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति का होगा। जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।
41. ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवा अनुशासनहीनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन या अन्य किसी भी शासकीय विभाग द्वारा से समाप्त की गई है चाहे वे किसी भी पद पर रहे हो उन्हे अपात्र उम्मीदवारों की संज्ञा में रखा जावेगा।

42. प्रशासकीय कारणों से अधिसूचित रिक्तियों में पदों की संख्या घटाई या बढ़ाई जा सकती है या निरस्त भी किया जा सकता है। जिसका अधिकार चयन समिति/नियोक्ता का होगा।
43. आरक्षण – अविभाजित जिला राजनांदगांव में प्रचलित रोस्टर पद्धति के अनुसार आरक्षण का प्रावधान लागू किया जावेगा।
44. दावा आपत्ति में अभ्यर्थियो द्वारा अलग से प्रस्तुत कोई भी विवरण मान्य नही किया जावेगा। पूर्व में आवेदन के साथ संलग्न विवरण के संबंध में प्रस्तुत दावा ही मान्य किये जावेंगे।
45. प्रकाशित प्रारंभिक पात्र–अपात्र सूची का अवलोकन अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा दावा आपत्ति उपरांत किसी भी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर आवेदक स्वयं जिम्मेदार होंगे।
46. पद क्र **21, 22** हेतु यदि प्राप्तांक ग्रेड में दर्शित हो तो ग्रेडिंग पद्धति संबंधी अंकसूची के साथ कुल पूर्णांक व प्राप्तांक एवं प्रतिशत से संबंधित सत्यापित (संस्था प्रमुख) दस्तावेज अनिवार्य रूप से दस्तावेज सत्यापन में प्रस्तुत करेंगे।
47. **जिन विज्ञापित रिक्त पद में शैक्षणिक योग्यता "एक से अधिक" या "अथवा" के रूप में चाही गई हो उन पदों में अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक शैक्षणिक योग्यता संलग्न किये जाने पर केवल उच्च शैक्षणिक योग्यता को मान्य किया जावेगा।**
48. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी,एवं चयन प्रकिया एवं परिणाम कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला राजनांदगांव के वेबसाईट rajnandgaon.nic.in पर देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार से जानकारी नहीं दी जावेगी।

***(जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा अनुमोदित)***

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला–राजनांदगांव छ.ग.

**आवेदन हेतु लिंक–** https://govthealth.cg.gov.in/RecRajnandgaonCont2026
**शुल्क भुगतान हेतु QR CODE**

**SCAN & PAY**

UPI ID: 9340138300@idfcbank